भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : 412
दिनांक 21 अगस्त, 2025

## पेट्रोल और डीजल की कीमतों का प्रभाव

***412. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोरः**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पाँच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान पेट्रोल और डीजल की कीमतों में राज्य-वार कितनी वृद्धि हुई है;

(ख) क्या सरकार ने उपभोक्ताओं, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं पर इस वृद्धि के आर्थिक प्रभाव का कोई अध्ययन या आकलन किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर नियंत्रण रखने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों द्वारा लगाए गए करों को कम करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का इलेक्ट्रिक वाहन, इथेनॉल, जैव ईंधन आदि जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए कोई नई कार्यनीति या योजना लागू करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री**
**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

(क) से (घ): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**'पेट्रोल और डीजल की कीमतों का प्रभाव' के बारे में संसद सदस्य श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर द्वारा दिनांक 21 अगस्त, 2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 412 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क) से (ग) पेट्रोल और डीजल की कीमतें बाजार निर्धारित हैं और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) पेट्रोल और डीजल के मूल्य निर्धारण पर उचित निर्णय लेती हैं।

देश में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में संबंधित उत्पादों की कीमत से जुड़ी हुई हैं , भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का 85% से अधिक का आयात करता है। कच्चे तेल की कीमतें (भारतीय बास्केट) 55 डॉलर प्रति बैरल (मार्च 2015) से बढ़कर 113 डॉलर प्रति बैरल (मार्च 2022) और फिर 116 डॉलर प्रति बैरल (जून 2022) हो गईं और विभिन्न भू-राजनीतिक और बाजार कारकों के कारण उतार-चढ़ाव जारी रहा है, जबकि सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के परिणामस्वरूप घरेलू स्तर पर, पेट्रोल और डीजल की कीमतें नवंबर 2021 में 110.04 रुपये और 98.42 रुपये प्रति लीटर से घटकर क्रमशः 94.77 रुपये और 87.67 रुपये प्रति लीटर (दिल्ली की कीमतें) हो गई है।

केंद्र सरकार द्वारा नवंबर 2021 और मई 2022 में दो किस्तों में पेट्रोल और डीज़ल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में क्रमशः 13 रुपये प्रति लीटर और 16 रुपये प्रति लीटर की कमी की गई, जिसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं को दिया गया। कुछ राज्य सरकारों ने भी नागरिकों को राहत देने के लिए राज्य वैट दरों में कमी की। मार्च 2024 में , तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों में 2 रुपये प्रति लीटर की कमी की । अप्रैल 2025 में, पेट्रोल और डीज़ल प्रत्येक पर उत्पाद शुल्क में 2 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई, लेकिन इसका भार उपभोक्ताओं पर नहीं डाला गया।

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने राज्य के भीतर माल ढुलाई को भी तर्कसंगत बनाया है। इसका लाभ पेट्रोलियम तेल एवं स्नेहक (पीओएल) डिपो से दूरस्थ, राज्यों के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले उपभोक्ताओं को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी के रूप में हुआ है। इस पहल से राज्य के भीतर पेट्रोल या डीजल की अधिकतम और न्यूनतम खुदरा कीमतों के बीच का अंतर भी कम हुआ है।

सरकार ने आम नागरिकों को उच्च अंतर्राष्ट्रीय कीमतों से बचाने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए हैं जिनमें कच्चे तेल के आयात में विविधता लाना, घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सार्वभौमिक सेवा दायित्व के प्रावधानों को लागू करना आदि शामिल हैं।

सरकार ने कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें कच्चे तेल के घरेलू अन्वेषण और उत्पादन को बढ़ाना, एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम, भारतीय ऊर्जा बास्केट में नवीकरणीय स्रोतों की हिस्सेदारी में सुधार करना आदि शामिल हैं।

पेट्रोल, डीज़ल और एलपीजी की कीमतों में वृद्धि/कमी का मुद्रास्फीति पर प्रभाव थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति पर उनके प्रभाव के माध्यम से आंका जा सकता है। डब्ल्यूपीआई सूचकांक में पेट्रोल और डीज़ल का भारांक क्रमशः 1.60% और 3.10% है।

वर्ष 2021 से प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी को पेट्रोल और डीजल के राज्य-वार खुदरा विक्रय मूल्यों ( आरएसपी) का विवरण क्रमशः अनुलग्नक-I और II में दिया गया है।

(घ): सरकार प्रत्येक नागरिक को ऊर्जा की सुरक्षा, वहनीयता और सुलभता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु सरकार वैकल्पिक ईंधनों जैसे सीएनजी, एलएनजी, हाइड्रोजन, एथेनॉल सहित जैव ईंधन, इलेक्ट्रिक वाहन आदि के उपयोग को बढ़ावा दे रही है।

सरकार ने राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति - 2018 को अधिसूचित किया है, जिसके तहत देश में वर्ष 2030 तक पेट्रोल में 20% एथेनॉल और डीजल में 5% बायोडीजल मिलाने का सांकेतिक लक्ष्य रखा गया है। इसके बाद, सरकार ने पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को वर्ष 2030 से घटाकर 2025-26 कर दिया है । चालू एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2024-25 के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने दिनांक 31.07.2025 की स्थिति के अनुसार 19.05% का औसत मिश्रण प्रतिशत हासिल कर लिया है । जुलाई, 2025 के दौरान , 19.93% एथेनॉल मिश्रण हासिल कर लिया गया है।

जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए , विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए गए हैं जैसे एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम , जिसमें तेल विपणन कंपनियां (ओएमसीज) एथेनॉल के साथ मिश्रित पेट्रोल बेचती हैं और बायोडीजल मिश्रण कार्यक्रम जिसमें बायोडीजल को डीजल के साथ मिश्रित किया जाता है, किफायती परिवहन के लिए संधारणीय विकल्प (सतत) पहल जिसमें संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) के साथ संपीड़ित बायो गैस (सीबीजी) का विपणन किया जाता है।

ग्रामीण भारत सहित पूरे देश में जैव ईंधन उत्पादन के लिए सरकार ने मूल्य निर्धारण, प्रोत्साहनों, एथेनॉल उत्पादन के लिए वैकल्पिक मार्ग खोले हैं, एथेनॉल उत्पादन के लिए कृषि अवशेषों पर आधारित दूसरी पीढ़ी की एथेनॉल जैव-रिफाइनरियों की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री जी-वन योजना अधिसूचित की है, विभिन्न अपशिष्ट/बायोमास स्रोतों से सीबीजी और जैव-खाद के उत्पादन के लिए सतत पहल, एथेनॉल आसवन क्षमता में वृद्धि और विस्तार के लिए ब्याज अनुदान योजना अधिसूचित की है।

*****

अनुलग्नक-I

**'पेट्रोल और डीजल की कीमतों का प्रभाव' के संबंध में श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर द्वारा दिनांक 21.08.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 412 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी को पेट्रोल का राज्य-वार आरएसपी**

| राज्य | संदर्भ शहर | 01.01.2021 | 01.01.2022 | 01.01.2023 | 01.01.2024 | 01.01.2025 | 01.08.2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | नई दिल्ली | 83.71 | 95.41 | 96.72 | 96.72 | 94.77 | 94.77 |
| पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 85.19 | 104.67 | 106.03 | 106.03 | 105.01 | 105.41 |
| महाराष्ट्र | मुंबई | 90.34 | 109.98 | 106.31 | 106.31 | 103.50 | 103.50 |
| तमिलनाडु | चेन्नई | 86.51 | 101.40 | 102.63 | 102.63 | 100.80 | 100.80 |
| त्रिपुरा | अगरतला | 84.13 | 98.23 | 99.49 | 99.49 | 97.53 | 97.53 |
| मिजोरम | आइजोल | 81.30 | 94.50 | 95.64 | 95.64 | 99.06 | 99.29 |
| हरियाणा | अम्बाला | 81.35 | 95.30 | 97.48 | 97.48 | 95.54 | 95.94 |
| कर्नाटक | बेंगलुरु | 86.51 | 100.58 | 101.94 | 101.94 | 102.92 | 102.92 |
| मध्य प्रदेश | भोपाल | 91.50 | 107.23 | 108.65 | 108.65 | 106.52 | 106.52 |
| ओडिशा | भुवनेश्वर | 84.34 | 101.81 | 103.19 | 103.19 | 101.11 | 101.11 |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 80.59 | 94.23 | 96.20 | 96.20 | 94.30 | 94.30 |
| उत्तराखंड | देहरादून | 84.20 | 94.00 | 95.13 | 95.13 | 93.36 | 93.55 |
| गुजरात | गांधीनगर | 81.29 | 95.35 | 96.63 | 96.63 | 94.70 | 94.70 |
| सिक्किम | गंगटोक | 85.00 | 98.50 | 102.70 | 102.70 | 101.75 | 101.55 |
| असम | गुवाहाटी | 87.00 | 94.58 | 97.02 | 98.03 | 98.19 | 98.19 |
| तेलंगाना | हैदराबाद | 87.06 | 108.20 | 109.66 | 109.66 | 107.46 | 107.46 |
| मणिपुर | इंफाल | 87.21 | 99.82 | 101.25 | 101.25 | 99.21 | 99.18 |
| अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर | 77.80 | 92.02 | 93.23 | 92.73 | 90.87 | 90.92 |
| राजस्थान | जयपुर | 91.09 | 107.06 | 108.48 | 108.48 | 104.72 | 104.72 |
| नगालैंड | कोहिमा | 87.04 | 98.05 | 99.46 | 99.46 | 97.71 | 96.49 |
| उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 83.59 | 95.28 | 96.57 | 96.57 | 94.69 | 97.55 |
| गोवा | पणजी | 80.62 | 96.38 | 97.68 | 97.22 | 96.43 | 97.75 |
| बिहार | पटना | 86.25 | 105.90 | 107.24 | 107.24 | 105.23 | 94.69 |
| पुदुचेरी | पुदुचेरी | 85.43 | 94.94 | 96.16 | 96.16 | 96.26 | 96.43 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | श्री विजया पुरम | 70.48 | 82.96 | 84.10 | 84.10 | 82.46 | 105.23 |
| छत्तीसगढ | रायपुर | 82.46 | 101.11 | 102.45 | 102.45 | 100.45 | 96.26 |
| झारखंड | रांची | 82.80 | 98.52 | 99.84 | 99.84 | 97.86 | 82.46 |
| मेघालय | शिलांग | 87.56 | 93.91 | 96.39 | 97.92 | 96.25 | 99.44 |
| हिमाचल प्रदेश | शिमला | 81.81 | 95.78 | 96.96 | 96.96 | 94.78 | 97.86 |
| जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | 87.43 | 100.36 | 101.74 | 101.74 | 99.70 | 96.32 |
| केरल | तिरुवनंतपुरम | 85.72 | 106.36 | 107.71 | 109.73 | 107.48 | 95.34 |
| जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू | 83.88 | 96.15 | 97.50 | 97.50 | 95.48 | 100.32 |
| पंजाब | जालंधर | 84.82 | 94.94 | 96.18 | 98.01 | 96.87 | 107.48 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | दमन | 79.93 | 93.10 | 94.31 | 94.31 | 92.44 | 92.56 |
| लद्दाख | लेह | 89.87 | 102.99 | 104.27 | 104.27 | 102.36 | 92.44 |
| आंध्र प्रदेश | अमरावती | 89.92 | 110.47 | 111.87 | 111.87 | 109.74 | 101.69 |
| महाराष्ट्र | पुणे | 90.04 | 109.52 | 105.84 | 105.84 | 103.82 | 109.74 |
| आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 88.62 | 109.05 | 110.48 | 110.48 | 108.35 | 100.75 |

**स्रोत: आईओसीएल**

**अनुलग्नक-II**

**'पेट्रोल और डीजल की कीमतों का प्रभाव' के संबंध में श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर द्वारा दिनांक 21.08.2025 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 412 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

**प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी को डीजल का राज्य-वार आरएसपी**

| राज्य | संदर्भ शहर | 01.01.2021 | 01.01.2022 | 01.01.2023 | 01.01.2024 | 01.01.2025 | 01.08.2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | नई दिल्ली | 73.87 | 86.67 | 89.62 | 89.62 | 87.67 | 87.67 |
| पश्चिम बंगाल | कोलकाता | 77.44 | 89.79 | 92.76 | 92.76 | 91.82 | 92.02 |
| महाराष्ट्र | मुंबई | 80.51 | 94.14 | 94.27 | 94.27 | 90.03 | 90.03 |
| तमिलनाडु | चेन्नई | 79.21 | 91.43 | 94.24 | 94.24 | 92.39 | 92.39 |
| त्रिपुरा | अगरतला | 77.25 | 85.61 | 88.44 | 88.44 | 86.55 | 86.55 |
| मिजोरम | आइजोल | 73.32 | 79.55 | 82.12 | 82.12 | 87.92 | 88.07 |
| हरियाणा | अम्बाला | 73.94 | 86.53 | 90.31 | 90.31 | 88.37 | 88.37 |
| कर्नाटक | बेंगलुरु | 78.31 | 85.01 | 87.89 | 87.89 | 88.99 | 90.99 |
| मध्य प्रदेश | भोपाल | 81.68 | 90.87 | 93.90 | 93.90 | 91.89 | 91.89 |
| ओडिशा | भुवनेश्वर | 80.46 | 91.62 | 94.76 | 94.76 | 92.69 | 92.69 |
| चंडीगढ़ | चंडीगढ़ | 73.61 | 80.90 | 84.26 | 84.26 | 82.45 | 82.45 |
| उत्तराखंड | देहरादून | 74.51 | 87.32 | 90.20 | 90.20 | 88.24 | 88.37 |
| गुजरात | गांधीनगर | 79.72 | 89.33 | 92.38 | 92.38 | 90.38 | 90.38 |
| सिक्किम | गंगटोक | 76.40 | 83.55 | 89.80 | 89.80 | 89.00 | 88.85 |
| असम | गुवाहाटी | 80.42 | 81.29 | 87.95 | 90.33 | 89.42 | 89.42 |
| तेलंगाना | हैदराबाद | 80.60 | 94.62 | 97.82 | 97.82 | 95.70 | 95.70 |
| मणिपुर | इंफाल | 77.09 | 84.26 | 87.17 | 87.17 | 85.26 | 85.25 |
| अरुणाचल प्रदेश | ईटानगर | 71.44 | 79.63 | 82.32 | 82.17 | 80.38 | 80.41 |
| राजस्थान | जयपुर | 83.06 | 90.70 | 93.72 | 93.72 | 90.21 | 90.21 |
| नगालैंड | कोहिमा | 77.79 | 84.59 | 87.56 | 87.56 | 88.83 | 83.33 |
| उत्तर प्रदेश | लखनऊ | 74.21 | 86.80 | 89.76 | 89.76 | 87.81 | 87.38 |
| गोवा | पणजी | 77.35 | 87.27 | 90.23 | 89.79 | 88.20 | 88.86 |
| बिहार | पटना | 79.04 | 91.09 | 94.04 | 94.04 | 92.09 | 87.81 |
| पुदुचेरी | पुदुचेरी | 78.40 | 83.58 | 86.33 | 86.33 | 86.47 | 88.20 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | श्री विजया पुरम | 69.22 | 77.13 | 79.74 | 79.74 | 78.05 | 91.49 |
| छत्तीसगढ | रायपुर | 80.10 | 92.33 | 95.44 | 95.44 | 93.39 | 86.47 |
| झारखंड | रांची | 78.17 | 91.56 | 94.65 | 94.65 | 92.62 | 78.05 |
| मेघालय | शिलांग | 80.01 | 80.58 | 84.65 | 86.68 | 87.47 | 93.39 |
| हिमाचल प्रदेश | शिमला | 73.68 | 80.35 | 82.94 | 88.94 | 87.13 | 92.62 |
| जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | 77.63 | 83.91 | 86.83 | 86.83 | 84.88 | 87.52 |
| केरल | तिरुवनंतपुरम | 79.65 | 93.47 | 96.52 | 98.53 | 96.48 | 87.32 |
| जम्मू एवं कश्मीर | जम्मू | 74.59 | 80.32 | 83.26 | 83.26 | 81.32 | 86.65 |
| पंजाब | जालंधर | 75.54 | 83.75 | 86.55 | 88.34 | 87.38 | 96.48 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | दमन | 78.42 | 86.97 | 89.86 | 89.86 | 87.94 | 88.05 |
| लद्दाख | लेह | 80.59 | 86.67 | 89.25 | 89.37 | 87.46 | 87.94 |
| आंध्र प्रदेश | अमरावती | 82.98 | 96.55 | 99.61 | 99.61 | 97.57 | 87.06 |
| महाराष्ट्र | पुणे | 79.01 | 92.31 | 92.36 | 92.36 | 90.35 | 97.57 |
| आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम | 81.73 | 95.18 | 98.27 | 98.27 | 96.22 | 95.71 |

**स्रोत: आईओसीएल**